प्रशिक्षण. जैव विविधता प्रबंधन पर कार्यशाला में क्षेत्र की भौगोलिक परस्थिति पर हुई चर्चा, कहा

विलुप्त हो रहे जीव-जंतुओं का संरक्षण आवश्यक

दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि .

कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधन समिति के अध्यक्ष .

प्रतिनिधि, कटोरिया

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में जैव विविधता प्रबंधन समिति को लेकर मंगलवार को कटोरिया स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस कैंपस में एक दिवसीय प्रशिक्षण कैंप सह कार्यशाला का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथि सह बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के अध्यक्ष आईएएस भारत ज्योति, उपनिदेशक मिहिर कुमार झा, डीएफओ शिखर प्रधान व एसीएफ अम्बेश किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया. डीएफओ शिखर प्रधान, कटोरिया रेंजर राजेश कुमार, आशीष कुमार, फोरेस्टर चंदन कुमार मंडल व कन्हैया नंदकिशोर ने उपस्थित अतिथियों को बुके व अंग-वस्त्र भेंट कर स्वागत किया. प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला में कटोरिया, चांदन, बेलहर, बांका, फुल्लीडूमर एवं शंभुगंज प्रखंड के जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने भाग लिया. मुख्य अतिथि सह बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के अध्यक्ष भारत ज्योति ने जैव विविधता से संबंधित स्थानीय पहलुओं जैसे कृषि, पशुपालन, मत्स्यिकी व भौगोलिक परस्थिति पर चर्चा की. साथ ही कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्येश्य विलुप्त हो रहे जीव जंतुओं के बारे में जानकारी देते हुए उनके संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करना है. जैव विविधता समिति के माध्यम से संकटग्रस्त जीव जंतु व प्रजातियों को संरक्षित करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि जैविक संसाधनों को बचाने के लिए पूरे बिहार में नौ हजार पंचायत के अनुमंडल में जैव विविधता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. इस माध्यम से प्रबंध समिति को कारगर और सक्रिय किया जा रहा है. आगे इसके बाद जैव विविधता विरासत स्थल विरासत वृक्ष जैसे कई कार्यक्रम चलाए जाने की योजना है. क्षेत्र के झील, नदी, तालाब, झरना, जंगल, पहाड़ आदि जैव विविधता के अंतर्गत आते हैं. कार्यशाला में डिजिटल संदेश व लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लाभ-हानि के विषय में जानकारी दी गई. वहीं मत्स्य पालन, समेकित खेती, मोटे अनाज की खेती व वैज्ञानिक खेती के बारे में भी बताया. इस मौके पर पंसस अशोक कुमार मंडल, मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश्वर यादव, पूर्व उपप्रमुख सुमन सिंह सुमन, सुबोध यादव, उमेश यादव, क्लर्क उत्तम झा, वनकर्मी योगेंद्र यादव, शंकर यादव आदि मौजूद थे.